मध्यप्रदेश शासन

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

मंत्रालय, भोपाल

:: आदेश ::

क्र. एफ- 16-34/2015/बी-ग्यारह: मेसर्स ट्राईडेन्ट ग्रुप द्वारा ₹ 2320.02 करोड़ के पूंजी निवेश से बुदनी, जि. सीहोर में मेगा इंडस्ट्रीयल टेक्सटाईल हब की स्थापना के संदर्भ में निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद समिति द्वा लिये गये निर्णय पर स्पष्ट व्याख्या करने संबंधी अनुरोध पर विचारोपरांत राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया कि समिति के निर्णय दिनांक 22.03.2016 पर निम्नानुसार स्पष्ट व्याख्या की जावे -

भोपाल दिनांक 28 .10.20

1. **प्रस्तावित टेक्सटाईल परियोजनाओं हेतु ब्याज अनुदान सुविधा-** भारत सरकार की टेक्सटाईल उद्योग व प्रोत्साहित करने हेतु टफ स्कीम, 2007 (Technology Upgradation Fund Scheme, 2007) अंतर्गत अनुमोदि प्लांट एंव मशीनरी हेतु वित्तीय संस्था/बैंक से लिये गये टर्म लोन पर उद्योग संवर्धन नीति, 2014 अंतर्ग विशेष टेक्सटाईल पैकेज में निहित प्रावधान अनुसार ब्याज अनुदान शर्तों के अध्याधीन प्राप्त होगा।
2. जीएसटी प्रणाली लागू होने पर, कंपनी की परियोजनाओं को वेट एवं सीएसटी की सहायता समानुपातिक रू से निरंतर देय होगी। कुल सहायता राशि इकाईयों द्वारा जमा किये गये कर से अधिक नहीं होगी।
3. राज्य शासन द्वारा जारी सुविधा स्वीकृति आदेश क्रमांक 16-34/2014/बी-ग्यारह दिनांक 02.04.2016 अंतर्गत वर्णित सुविधा/ रियायतों का लाभ ग्रुप द्वारा प्रवर्तित कंपनियों/ अनुषांगिक कंपनी/ सहयोगी कंपनी एस.पी.व्ही./ नवीन कंपनी, जो प्रस्तावित परियोजनायें क्रियान्वित करेंगी को प्रदान किया जावे। ग्राहक अपेक्षित पैकेज की वैधता शासन आदेश जारी दिनांक से तीन वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाली स्थापित परियोजनाओं पर प्रभावशील होगी।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

(मोहम्मद सुलेमान)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

क्रमांक एफ16--34/2015/बी-ग्यारह

भोपाल, दिनांक 28-.10.2016

प्रतिलिपि,

1. प्रमुख सचिव (समन्वय), मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कॉर्पोरेशन लि., भोपाल।
4. आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल।
5. कलेक्टर, जिला सीहोर।
6. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश औद्योगिक केन्द्र विकास निगम (भोपाल) लि., भोपाल ।
7. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, मेसर्स ट्राइडेन्ट लि., होशंगाबाद रोड, बुदनी जिला सीहोर।

- की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग